लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
चैत्र शुक्ल पक्ष चतुर्दशी, 08:19 उपरांत पूर्णिमा विक्रम संवत 2080
अमृत विचार
वर्ष 4, अंक 139, पृष्ठ 14, मूल्य: 6 रुपये
एक सम्पूर्ण अखबार
बरेली, बुधवार, 5 अप्रैल 2023

PAGE NO : 05 MIDDLE

गंगाशील एकेडमी और एयरफोर्स ने जीते मैच

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- एसआरएमएस क्रिकेट ग्राउंड में चल रहे टूर्नामेंट में हुए दो मैच

अमृत विचार : श्रीराममूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट में मंगलवार को दो मैच खेले गए। गंगाशील एकेडमी ने रोमांचक मैच में 22 याड्र्स को 12 रन से हराया, जबकि एयरफोर्स ने 9 विकेट से आईके कलेक्शन को पराजित किया।

एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज स्थित श्रीराममूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे टूर्नामेंट के छठवें दिन पहला मैच 22 याड्र्स और गंगाशील क्रिकेट एकेडमी के बीच हुआ। इसमें 22 याड्र्स ने टास जीतकर गंगाशील को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। गंगाशील की टीम ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 135 रन बनाए। वहीं, लक्ष्य का पीछा करने उतरी 22 याड्र्स की टीम 18.4 ओवर में 123 रन बना सकी। आक्रामक पारी खेलने के लिए नीरज को मैन आफ द मैच चुना गया।

दूसरे मैच में आईके कलेक्शन ने टास जीता और पहले बैटिंग करने का फैसला किया। आईके क्लेक्शन ने 19.5 ओवर में 100 रन बनाए। एयरफोर्स की टीम 7.1 ओवर में टीम को जीत दिला दी। अन्नू को मैन आफ द मैच चुना गया। आयोजकों के अनुसार बुधवार को ओएसिस क्रिकेट एकेडमी और गंगाशील क्रिकेट एकेडमी और अल्मा मातेर क्रिकेट एकेडमी व एयरफोर्स के बीच मुकाबला खेला जाएगा।